# नीलाघर घोड़े के 1114 वां अवतरण दिवस हर्ष उल्लास से मनाया जाएगा

- भगवान देवनारायण के प्रिय नीलाघर घोड़े
- 29 को जागरण व 30 को ऐतिहासिक मेला

**मसूदा, (निसं)।** देवताओ के सामने इंसान को झुकते तो आप ने देखा होगा लेकिन क्या आप ने कभी देखा या सुना की किसी लोकदेवता के आगे पत्थर भी झुक गए। शायद एक गाँव में जन्हा देवता को नमन करने के लिए इंसानो के साथ ही चट्टाने भी झकी दिखाई देती है । अजमेर के मसुदा के समीप देवमाली गांव मे अपने आप में अनोखे इस गाँव की हर बात खास है यह गाँव अपने आप में आस्था, विश्वास और परम्पराओ का ऐसा अनोखा संगम है जिस की मिसाल मिलना भी शायद सम्भव नही। इस दुनिया में कुछ बाते ऐसी है जिन्हे विज्ञान की कसौटी पर कसना शायद सम्भव नही लेकिन इन अनोखी बातो को आस्थाओ ने परम्परा के रूप में कुछ इस तरह पाला पोसा है की यह अपने आप में खास हो गयी । गुर्जर समाज के आराध्य देव देवनारायण की कर्म स्थली देवमाली गाँव की । कहा जाता है की यही वो स्थान है जन्हा भगवान देवनारायण ने भाद्र पद शुक्ल की सतमी को अपनी सदेह स्वर्गारोहण से लौट कर अपने मंदिर का निर्माण किया और गुर्जर समाज के लोगो को गुरु दीक्षा दी। आज यहां भगवान देवनारायण का वह मंदिर आज भी एक विशाल पहाडी पर स्थित है जिस के बारे में कहा जाता है की इस की स्थापना स्वंय भगवान देवनारायण ने की थी। इस गाँव के उस निर्जन इलाके में जहा वास केवल चट्टानों का है। इन चटानो को जब आप गौर से देखते है तो पता चलता है की यह सभी चट्टाने के ही दिशा में झुकी हुई नजर आती है। यह सभी चट्टाने भगवान देवनारायण मंदिर की और झुकी हुई है। स्थानीय लोगो का मानना है की जब भगवान देवनारायण स्वर्ग से लौट कर यंहा पहुंचे तो इंसानो के साथ ही धरती माँ ने भी उनका नमन किया और सभी चट्टाने उन्हें नमन करती हुई मंदिर की दिशा में झुक गयी। साथ ही सभी सूखे पेड भी हरे भरे हो गए और उन्होंने भी झुक कर भगवान को नमन किया।

# पूजन के साथ सिन्धी समाज का विशाल संगम

- चालीहो वृत त्याग व तपस्या के साथ आराध्य देव झूलेलाल की भक्ति का मार्ग - महंत स्वरूपदास

**अजमेर, (कासं)।** चालीहे के वृत रख श्रृद्धालुओं धर्म रक्षा की प्रार्थना पर की थी आकाशवाणी कर ईष्टदेव झूलेलाल ने दर्शन देकर इच्छा पूर्ण की और सनातन धर्म की रक्षा के आर्शीवाद दिया और चालीहो के निरंतन आयोजन से घर घर तक प्रसार हो रहा है।

ऐसे आर्शीवाद सिन्धु समिति की ओर से इच्छापूर्ण झूलेलाल मन्दिर के सहयोग से 22 वें झूलेलाल चालीहो का समापन पर अनासागर जेटी पर ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम के महन्त स्वरूपदास उदासीन, श्री शांतानन्द उदासीन आश्रम के महंत हनुमानराम, प्रेम प्रकाश आश्रम के स्वामी राजूराम, स्वामी ईसरदास, निर्मलधाम दरबार के स्वामी आत्मदास जी, श्रीराम धाम के स्वामी अर्जुनदास, जतोई दरबार के फतनदास सिन्धी समाज महासमिति के अध्यक्ष कवंल प्रकाश किशनानी, भारतीय सिन्धु सभा के राष्ट्रीय मंत्री महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, सिन्धु समिति अध्यक्ष जयकिशन लख्याणी, मन्दिर अध्यक्ष राम बालवाणी ने पंच महाज्योत प्रज्जवलन कर पूजन किया। मन्दिरों से आये मण्डलियों का जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत सत्कार किया गया। शहर की अलग अलग कॉलोनियों से 11 बहिराणे साहिब व ज्योत थाल में लेकर आनासागर पर विशाल संगम पर सम्मिलित हुये। ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम के महन्त स्वरूपदास उदासीन व श्री शांतानन्द उदासीन आश्रम के महंत हनुमानराम ने आज कहा कि आराध्यदेव झूलेलाल चालीहो समापन व सिन्धुपति महाराजा दाहरसेन जयंती सनातन धर्म में आराध्य की पूजा व महापुरूषों को उनके दिवस पर याद कर नई पीढी को जागृत करना हम सबका कर्तव्य है। यह चालीस दिवस त्याग व तपस्या के साथ आराध्यदेव झूलेलाल की भक्ति का मार्ग है जो हमारी पहचान है। सामूहिक छेज के साथ धार्मिक आयोजन- संयोजक नरेन्द्र बसराणी ने बताया कि धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रकाश मोटवाणी, ललित भगत, अशोक सोनी, धर्मदास, ढोलण शर्मा, सांस्कृतिक सचिव कलाकार घनश्याम भगत दीपक तेजावत द्वारा प्रस्तुतियां पर सभी श्रृद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया। मण्डली ने झूलेलाल सांई के भजन रख त मुहिंजे लाल ते.., सांई झूलेलाल मुखे पहिंजी चादर में ढकजां.., जेको चवंदो झूलेलाल तहिंजा थीदां बेडा पार के साथ शहनाई वादन पर सभी ने सामूहिक छेज की।

22 वें झूलेलाल चालीहो का समापन पर अनासागर जेटी पर ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम के महन्त स्वरूपदास उदासीन के सानिध्य में हुआ।

# ए.ए. पुष्कर अजमेर कन्वेंशन सीजन-द्वितीय का सफल समापन

**पुष्कर/अजमेर।** ए.ए. इंटरग्रुप राजस्थान द्वारा आयोजित 'पुष्कर अजमेर कन्वेंशन सीजन-द्वितीय का रविवार को पुष्कर के एक पैलेस, में सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह चार दिवसीय अधिवेशन (21 से 24 अगस्त 2025) 'सेवा, एकता और उत्तरदायित्व' की थीम पर आधारित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ शांति प्रार्थना एवं साहित्य वाचन से हुआ।

मुख्य अतिथि जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी केसरी नंदन शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर अधिवेशन का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि 'शराबीपन कोई आदत नहीं बल्कि बीमारी है, और इससे बाहर निकलने में ए.ए. समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है, उन्होंने आगे कहा कि 'सरकार द्वारा शराबबंदी व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है, किंतु ए.ए. द्वारा फैलाई जा रही जागरूकता ही एकमात्र रास्ता है, जिससे व्यक्ति पुनः समाज की मुख्य धारा में लौट सकता है।'

चार दिनों तक चले इस अधिवेशन में मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति, पुनर्वास एवं युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विविध सत्र आयोजित किए गए। मुख्य वक्ताओं में डॉ. अशिष देशपांडे कंसल्टेंट साइकियाट्रिस्ट मुम्बई, डॉ. हर्ष उदावत गैस्ट्रोएन्टरोलॉजिस्ट जयपुर, डॉ. रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल, एच. के. बेदी साइकियाट्रिस्ट चंडीगढ़ एवं डॉ. मनस्वी गौतम साइकियाट्रिस्ट जयपुर ने अपने विचार रखे और प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया।समापन सत्र में डॉ. हर्ष उदावत ने शराब के लीवर पर दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला और कहा कि 'दवाइयाँ शराब की शारीरिक लत को नियंत्रित कर सकती हैं, मगर मस्तिष्क में बैठे शराब के विचार केवल ए ए कार्यक्रम ही मिटा सकता है और व्यक्ति को पुनः पीने से बचा सकता है।'

**NAME CHANGE**

That my name was Soaiba, which has been changed to Syeda Soheyba Chishty and in all my documents it is mentioned as Syeda Soheyba Chishty. Therefore, I should be known and identified by this name in future.Address: Gulshan Mahal, Choudhar Mohalla, Dargah Sharif, Ajmer (Raj.)

# प्रदेश के विद्यार्थी अब होंगे अपने मताधिकार और नैतिक मतदान के प्रति जागरूक

- निर्वाचन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के बीच हुआ एमओयू

**भीलवाड़ा।** निर्वाचन साक्षरता एवं मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में निर्वाचन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के बीच सोमवार को शासन सचिवालय, जयपुर में ऐतिहासिक एमओयू हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन एवं शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग कृष्ण कुणाल ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस संयुक्त एमओयू के तहत राज्य के समस्त माध्यमिक / उच्च माध्यमिक स्तर के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में भारत निर्वाचन आयोग की संकल्पना को साकार करते हुए स्कूल निर्वाचन साक्षरता क्लब () का सुदृढ़ीकरण एवं ईएलसी गतिविधियों का सुचारू संचालन संपन्न हो सकेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने कहा कि राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षण में राजकीय एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को शामिल करते हुए निर्वाचन साक्षरता क्लब गठित कर संचालित किया जा रहे हैं। इन क्लबों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए शाला दर्पण पोर्टल एवं प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर ऑनलाइन ईएलसी एंट्री मॉड्युल उपलब्ध कराया गया है। देश में राजस्थान स्कूल ईएलसी के सुदृढ़ीकरण हेतु डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने वाला संभवतः पहला राज्य है। अब कक्षा 9 से 12वीं में अध्ययनरत 17 वर्ष के समस्त विद्यार्थियों का अग्रिम रूप से मतदाता पंजीकरण आसान होगा और 18 वर्ष की आयु को पूर्ण करते ही विद्यार्थियों को उनका मतदाता पहचान पत्र प्राप्त हो जाएगा, जिससे वो आगामी चुनावों में सक्रिय मतदाता के रूप में अपना कर्तव्य निभा सकेंगे। महाजन ने कहा कि इस का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर मतदाता शिक्षा, जागरूकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना तथा भावी मतदाताओं में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति समझ विकसित करना है। साथ ही भविष्य में भारत निर्वाचन आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय - भारत सरकार के निर्देशन में एनसीईआरटी द्वारा विकसित मतदाता शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम को राज्य की स्कूल शिक्षा में शामिल किया जाना प्रस्तावित है। शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग कृष्ण कुणाल ने कहा कि इस एमओयू से हम विद्यार्थियों के समग्र विकास की ओर अग्रसर होंगे और उनमें मतदाता शिक्षा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का समावेश हो सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्र 2025-26 के शिविरा कैलेंडर में ईएलसी गतिविधियों को पहले ही शामिल कर लिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मतदाता जागरूकता से संबंधित अध्याय भी जोड़े जा रहे। राज्य के विद्यालयों में संचालित ईएलसी क्लब एवं आयोजित गतिविधियों की शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से दोनों विभागों द्वारा विभिन्न स्तर पर सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होने कहा कि इस एमओयू से हम मतदाता जागरूकता एवं शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक प्रतिबद्धता से कार्य कर सकेंगे।

# बालाजी धाम का वार्षिक मेला आस्था और उल्लास के रंगों में रंगा

- बालाजी महाराज का विशेष चौला चढ़ाकर फूलों और गुब्बारों से सुसज्जित भव्य झांकी सजाई गई, जिसने भक्तों का मन मोह लिया

**नसीराबाद, (निसं)।** नसीराबाद क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल बामणिया बालाजी धाम मन्दिर का वार्षिक मेला सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के बीच धूमधाम से संपन्न हुआ। मेले से एक दिन पूर्व 24 अगस्त की रात को भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें बाहर से आए कलाकारों ने बाबा बालाजी के भजनों की सुरमयी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। इस अवसर पर देरांदू हिन्दू युवा वाहिनी, बाहुबली हनुमान व वानर सेना सहित ढाबा मोहल्ला, जागेश्वर महादेव मंदिर, भटियाणी आदि स्थानों से भक्त गाजे-बाजे के साथ झंडे लेकर पहुंचे। सोमवार को मेले के दिन लोहरवाड़ा, चाट मोहल्ला, मंगरी, गवारियां समाज, फडोल्या मोहल्ला और राजनारायण रोड स्थित शिव मंदिर समेत अनेक स्थानों से भक्त झंडा यात्राएं लेकर धाम पहुंचे। बालाजी महाराज का विशेष चौला चढ़ाकर फूलों और गुब्बारों से सुसज्जित भव्य झांकी सजाई गई, जिसने भक्तों का मन मोह लिया।

सुबह 9 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात बालाजी महाराज को 56 भोग अर्पित किए गए। मंदिर प्रांगण में ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों की भीड़ उमड़ी, जिन्होंने मेले में लगी मणिहारी, खिलौने, चाट, पकौड़ी और मिठाइयों की दुकानों से जमकर खरीदारी की।

मंदिर पुजारी परिवार ने सहयोगी भक्तों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। वहीं एक भक्त की ओर से सम्पूर्ण दिन भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें हज़ारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ पाया।

# छः सफाई कर्मचारियों को बहाल करने की मांग

**भीलवाड़ा।** शाहपुरा में कुत्तों की मौत के मामले में 6 कर्मचारियों को निलंबित करने पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री छीतर मल गेंगट ने जबरदस्त विरोध करते हुए बहाल करने की मांग की है। गेंगट ने अध्यक्ष महोदय व अधिशाषी अधिकारी शाहपुरा से मांग की डीएलपी सचिव रवि जैन द्वारा निलंबित बेकसुर जमादार सत्येंद्र व सफाई कर्मचारी अभिषेक, शुभम, आजाद, संदीप, नितिन कुमार को तुरंत प्रभाव से बहाल किया जाए, क्योंकि वह सफाई कर्मचारी हैं उनकी ड्यूटी सफाई करने की है जबकि हर कहीं इन कर्मचारियों को लगा दिया जाता है कभी सांप पकड़ने, कभी अतिक्रमण हटाने, कभी कर्मचारियों को अपने निजी काम में लगा दिया जाता है तो कहीं दूसरे जानवरों को पकड़ने में लगा दिया जाता है जबकि सरकार इनको नौकरियां देते हुए सफाई कर्मचारी के पद पर भर्ती किया जाता तो इनसे सफाई का कार्य लिया जाए। जबरदस्ती इन्हे दूसरे काम करवाने में लगाना जाता हैं।गेंगट ने विरोध करते हुए चेतावनी दी अगर छः कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया तो सारे सफाई कर्मचारी हड़ताल पर उतर जाएंगे झाड़ू डाउन होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चन्द्रवरदाई नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एफ-102 क्षेत्रफल 136.11 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री अशोक कुमार पुत्र श्री टिल्लूमल गिदवानी निवासी एफ-102 चन्द्रवरदाई नगर, अजमेर की मृत्यु दिनांक 06.07.2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व वसीयतनामा (पंजीकृत/अंपजीकृत दिनांक 06.09.2024) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्रीमती शालू गिदवानी पत्नि स्व. श्री अशोक गिदवानी निवासी एफ-102 चन्द्रवरदाई नगर, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.बि./निर्माण स्वी./2025/2761 -:आम सूचना:- दिनांक:25-8-25

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गजुरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 87 | गणेश पुत्र शिवराज जाट | महादेव विस्तार कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 1014/244, 1015/244, 1017/1011, 1023/1013 भू.सं. 33 का पश्चिमी हिस्सा में से उत्तरी हिस्सा | 62.70 SQ.MTR | आवासीय |
| 88 | दिलखुश जाट पुत्र रामकुंवार जाट | महादेव विस्तार कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 1014/244, 1015/244, 1017/1011, 1023/1013 भू.सं. 33 का पश्चिमी हिस्सा में से दक्षिणी हिस्सा | 62.70 | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.बि./नामा/2025/2764 -:आम सूचना:- दिनांक:25-8-25

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | मूल आवंटी/नामान्तरण | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 145 | मनीष बडौला पुत्र स्व. श्री मनोहरसिंह बडौला | जेठमल पुत्र छगनमल चौथमल पुत्र जेठमल | आबादी क्षेत्र सब्जी मंडी बिजयनगर ब्लॉक नं. 03 के प्लॉट नं. 35 से 38 | 239.56 SQ. MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

# खुंडियावास में रामदेवजी मेले का विधि विधान से शुभारम्भ

- केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी, पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ व भडाना ने झंडारोहण झंडा रोहण कर बाबा रामदेव मेले का शुभारंभ किया

**अजमेर, (कासं)।** नागौर जिले के खुंडियावास स्थित बाबा रामदेवजी मेले का सोमवार को विधि विधान से शुभारम्भ किया गया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ व राजस्थान देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना ने झंडारोहण कर विधिवत रूप से मेले का शुभारम्भ किया।

मेले के आयोजित शुभारम्भ समारोह के दौरान जनता को संबोधित करते पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि खुंडियावास बाबा रामदेव जी का यह पवित्र धाम लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। लोग पैदल चल कर बाबा रामदेव के धाम पहुंच रहे है और दर्शन कर सुख समृद्धि की मनोकामनाएं मांग रहे है। मैने भी बाबा रामदेव जी के दर्शन कर और उनका आशीर्वाद लिया है और देश व प्रदेश की तरक्की, खुशहाली व समृद्धि प्रदान करने की कामना की। राठौड़ ने अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी चौधरी से बाबा रामदेव मंदिर आने वाली टूटी सडक़ की मरम्मत व नई सडक़ बनवाने की मांग की, ताकि बाबा रामदेव जी के धाम आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि जब पूर्व में अशोक गहलोत सरकार के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने यह सडक़ बनवाई थी, जो अब क्षतिग्रस्त हो गई। ऐसे में अब वापस सडक़ बनवाने की जरूरत है। इस पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने जल्द नई सडक़ बनवाने की बात कही। चौधरी ने कहा कि जब प्रदेश में अशोक गहलोत सरकार थी, तब मैने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सडक़ बनवाने की मांग की थी और यहां सडक़ बनवाकर गहलोत सरकार ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को राहत प्रदान की थी। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष रामलाल बजाड़, पूर्व तेजाजी बोर्ड के सदस्य रतन लाल घासल, सरपंच कृपाल सिंह राठौड़ व युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेश भड़ाना आदि साथ रहे। अजमेर सिविल लाइन स्थित पार्षद नोरत गुर्जर के कार्यालय पर पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनसे संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

# आरटीई में चयनित बच्चों को नहीं मिला दाखिला

- अभिभावक आक्रोश, जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अजमेर, (कासं)।** राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत चयनित गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों का नए शैक्षणिक सत्र में अब तक दाखिला नहीं हो सका है। सोमवार को अभिभावक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। अभिभावक हरीश कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग की लापरवाही से 2 माह बीत जाने के बावजूद बच्चों की पढ़ाई शुरू नहीं हुई है।

हरीश ने बताया कि मार्च 2025 में शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों में आरटीई के 25 प्रतिशत कोटे पर दाखिले के लिए आवेदन मांगे थे। प्रदेशभर से 3.08 लाख आवेदन प्राप्त हुए और 9 अप्रैल को जयपुर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की मौजूदगी में लॉटरी निकाली गई थी। इस प्रक्रिया में लगभग 80 हजार बच्चों का चयन हुआ, लेकिन आज तक प्रवेश नहीं दिया गया। शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने 17 जुलाई को ही सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि चयनित बच्चों का दाखिला करवाया जाए और आनाकानी करने वाले निजी स्कूलों पर कार्रवाई की जाए, बावजूद इसके अब तक विभाग स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अभिभावकों का आरोप है कि निजी स्कूल संचालक हाईकोर्ट में चल रहे फीस पुनर्भरण मामले का हवाला देकर दाखिले से इनकार कर रहे हैं, जबकि कोर्ट ने केवल फीस से जुड़े प्रकरण पर ही आदेश दिए हैं न कि प्रवेश प्रक्रिया पर। संयुक्त अभिभावक संघ ने चेतावनी दी है कि 7 दिनों में दाखिले शुरू नहीं किए गए तो अभिभावक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन कर आमरण अनशन करेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका केकड़ी(जिला-अजमेर)**

Email ID- npkekri2011@gmail.com (O) 01467-220002, 220019 website:www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक नपाके/2025-26/2114 - आपत्ति आमंत्रण सूचना- दिनांक-25/8/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में निम्न आवेदकों धारा 69 ए के तहत पट्टा चाहने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। जिसमें किसी भी व्यक्ति/सज्जन/पड़ोसी को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय में 7 दिवस में लिखित में मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसमें किसी का कोई उजर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदन कर्ता | दिशायें | सम्पत्ति का प्रकार | क्षेत्रफल वर्गगज में | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती इन्द्रा जैन पत्नी अशोक कुमार रांटा निवासी केकड़ी | पूर्व- अन्य का मकान पश्चिम- गली उत्तर- अन्य मकान दक्षिण- आम रास्ता | आवासीय | 298.77 | 69 ए |
| 2 | श्री अशोक कुमार रांटा पुत्र श्री भंवर लाल रांटा निवासी केकड़ी | पूर्व- मकान पश्चिम- रास्ता उत्तर- रास्ता दक्षिण- मकान | आवासीय | 281.87 | 69 ए |
| 3 | श्री अशोक कुमार रांटा पुत्र श्री भंवर लाल रांटा निवासी केकड़ी | पूर्व- अन्य प्लाट पश्चिम- गली उत्तर- रास्ता दक्षिण- मकान | आवासीय | 306.93 | 69 ए |
| 4 | श्री रोहित रांटा पुत्र श्री अशोक कुमार रांटा निवासी केकड़ी | पूर्व- रास्ता पश्चिम- अन्य प्लाट उत्तर- अन्य मकान दक्षिण- अन्य प्लाट | आवासीय | 141.92 | 69 ए |
| 5 | श्री गजेन्द्र कुमार रांटा पुत्र श्री अशोक कुमार रांटा निवासी केकड़ी | पूर्व- रास्ता पश्चिम- अन्य प्लाट उत्तर- अन्य मकान दक्षिण- अन्य प्लाट | आवासीय | 247.06 | 69 ए |
| 6 | श्रीमती संगीता जैन पत्नी गजेन्द्र कुमार रांटा निवासी केकड़ी | पूर्व- नोहरा पश्चिम- अन्य प्लाट उत्तर- अन्य मकान दक्षिण- रास्ता | आवासीय | 224.25 | 69 ए |
| 7 | श्रीमती अपेक्षा जैन पत्नी रोहित रांटा निवासी केकड़ी | पूर्व- नोहरा पश्चिम- रास्ता उत्तर- अन्य प्लाट दक्षिण- अन्य प्लाट | आवासीय | 266.69 | 69 ए |
| 8 | श्री मनीष रांटा पुत्र श्री अशोक कुमार रांटा निवासी केकड़ी | पूर्व- नोहरा पश्चिम- रास्ता उत्तर- अन्य प्लाट दक्षिण- अन्य प्लाट | आवासीय | 188.96 | 69 ए |
| 9 | श्री गजेन्द्र कुमार रांटा पुत्र श्री अशोक कुमार रांटा निवासी केकड़ी | पूर्व- अन्य प्लाट पश्चिम- अन्य प्लाट उत्तर- आम रास्ता दक्षिण- अन्य प्लाट | आवासीय | 21.82 | 69 ए |
| 10 | श्री अशोक कुमार रांटा पुत्र भंवर लाल रांटा निवासी केकड़ी | पूर्व- नोहरा पश्चिम- आम रास्ता उत्तर- अन्य मकान दक्षिण- अन्य मकान | आवासीय | 160.00 | 69 ए |

अधिशासी अधिकारी नगरपालिका केकड़ी

# जिला कलक्टर ने बैठक ली

**डीडवान ।** राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन सोमवार को जिला कलक्टर डॉ.महेंद्र खड़गावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। बैठक में जिला कलक्टर डॉ खड़गावत ने जिले में राजस्व कार्यों,लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने भूमि रूपांतरण, एलआर एक्ट, धारा 91, धारा 177 के प्रकरण, भूमि अवाप्ति के मामले, पीएम किसान सम्मान निधि में सेल्फ रजिस्ट्रेशन, ई-केवाईसी, नामांतकरण, सीमाज्ञान, किसान गिरदावरी, फार्मर रजिस्ट्री एवं राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने एवं आवश्यक कार्य प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों को बारिश के मौसम के मध्यनजर जिले में जलभराव की स्थितियों पर नजर बनाये रखने, क्षेत्र में आपदा के दौरान शीघ्र राहत पहुंचाने एवं फील्ड में सतर्क रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर डीडवाना महेंद्र मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर कुचामन राकेश कुमार गुप्ता सहित सभी उपखंड अधिकारी एवं संबंधित कार्मिक मौजूद रहे।

# इन्टैक के क्विज कॉम्पीटीशन में 16 स्कूल के 148 विद्यार्थियों ने भाग लिया

- अन्वी-तमन्ना की टीम प्रथम, तन्वी-कृतज्ञ रहे द्वितीय बांगड और गोठी पब्लिक स्कूल श्रेष्ठ, सेन्ट्रलअकादमी रही तृतीय

**ब्यावर (निस)** भारतीय सांस्कृतिक निधी (इन्टैक) ब्यावर अध्याय के तत्वावधान में सोमवार को राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय सभागार में क्विज कॉम्पीटिशन आयोजित किया गया जिसमें 16 स्कूल के 148 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पूरी रात बारिश की झमाझम के बाबजूद भारी संख्या में प्राइवेट स्कूलों के उत्साहित बच्चों ने अग्रणी भूमिका निभाई जबकि सरकारी स्कूल्स में से केवल दो ही विद्यालय के छात्र-छात्रा प्रतियोगिता स्थल तक पहुंचसके। जिनमें एक मेजबान पटेल स्कूल की टीम थी जबकि दूसरी पीएमराजकीय छावनी बालिका सीनियर स्कूल थी।इन्टैक ब्यावर अध्याय के कन्वीनर रामप्रसाद कुमावत ने बताया कि प्रतियोगिता में बांगड पब्लिक स्कूल रास की टीम नगर स्तर पर प्रथम रही जिसमें दसवीं कक्षा की अन्वी अग्रवाल व तमन्ना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल लिखित प्रश्नोत्तरी में बाजी मारी बल्कि प्रतियोगिता के सभी पांचों राउण्ड में भी बेहतर व प्रभावी छाप छोड़ते हुए दर्शकों को हतप्रभ कर दिया। द्वितीय स्थान पर बी एल गोठी पब्लिक स्कूल की तन्वी जैन और कृतज्ञ इनाणी की टीम रही। सबसे मजेदार बात यह रही कि प्रश्नोत्तरी के हर राउण्ड में प्रथम व द्वितीय टीम के बीच मुकाबला काफी नजदीकी रहा। यही स्थिति तीसरे स्थान पर आयी सेन्ट्रल अकादमी श्रीसीमेंट तथा सिद्धार्थ इन्टरनेशनल स्कूल की टीम के बीच देखी गई। प्रतियोगिता में निजी स्कूल के बच्चों ने जनरल नॉलेज के सवाल-जवाब में सरकारी स्कूल्स के बच्चों से काफी आगे अपनी दमदार प्रस्तुति दी।क्विज कॉम्पीटिशन में 148 प्रतियोगियों में से उनकी स्कोर शीट के आधार पर चार श्रेष्ठ टीमों को चयनित कर उनमें पांच अलग-अलग राउण्ड में स्पर्धा कराई गई।क्विज कॉम्पीटिशन में केन्द्रीय कार्यालय से मिले निर्देशों के मुताबिक पहले राउण्ड में भारतीय संस्कृति ( प्राकृतिक, मानव निर्मित व अमूर्त कला से सम्बंधित) प्रश्न पूछे गये। दूसरा राउण्ड महापुरुषों तथा व्यक्तित्व सम्बंधी था जिसमे भारतीय चिंतकों, नायकों, प्रसिद्ध व प्रेरक हस्तियों के बारे में सवाल पूछे गये। तीसरा राउण्ड राजस्थान के इतिहास, भूगोल, भाषा, भोजन, कला सम्बंधी था। चौथा राउण्ड ब्यावर जिले की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहरों पर आधारित रहा।

पांचवा राउण्ड ऑडियो-विजुवल राउण्ड रहा जिसमें विभिन्न चित्रों को दिखाया तथा यू-ट्यूब पर ऑडियो क्लिपिंग सुनाकर आवाज पहचानने को कहा गया। इसी तरह एक मिनट में दस सवालों के जवाब पूछे गये जिनमें प्रतियोगियों की प्रतिभा, विषय पर पकड़ तथा सतर्कता के साथ तेज गति से उत्तर देने की योग्यता का आकलन किया गया।प्रतियोगिता के विजेताओं को कन्वीनर श्या